बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

ल.अं./51/एसएलबीसी/ 634

दिनांक: 17.12.2025

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ.प्र.) के समस्त सदस्य बैंकों एवं अग्रणी जिला प्रबन्धकों को पत्र

महोदया/महोदय,

**विषय: प्रधानमंत्री सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना (PMSG-MBY) के अंतर्गत ऋण आवेदनों में बहु-राज्य/राष्ट्रीय पंजीकृत विक्रेताओं (Vendors) की मान्यता के संबंध में।**

उपरोक्त विषयक आर ई सी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के पत्र दिनांक 16.12.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर- मुफ्त बिजली योजना (PMSG-MBY) के अंतर्गत जनसमर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रेषित किए जा रहे कुछ ऋण आवेदनों में संबंधित बैंक शाखाओं द्वारा आवेदन इस आधार पर निरस्त किए जा रहे हैं कि संबंधित विक्रेता स्थानीय डिस्कॉम (DISCOM) की आरटीएस (RTS) विक्रेता सूची में सम्मिलित नहीं है, जबकि उक्त विक्रेता राष्ट्रीय प्रधानमंत्री सूर्य घर पोर्टल पर पंजीकृत एवं अनुमोदित है।

इस संबंध में आप सभी को पुनः अवगत कराना है कि राज्य, बहु-राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पंजीकृत सभी विक्रेताओं की सूची राष्ट्रीय पोर्टल पर उपलब्ध है, जिसे निम्नलिखित लिंक के माध्यम से देखा/सत्यापित किया जा सकता है: https://pmsuryaghar.gov.in/#/registered-vendors

अतः आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त लिंक को अपनी सभी शाखाओं में तत्काल परिपत्रित किया जाए तथा PMSG-MBY के अंतर्गत ऋण आवेदनों के निस्तारण के समय संबंधित विक्रेता का सत्यापन राष्ट्रीय पोर्टल पर उपलब्ध सूची के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि केवल स्थानीय DISCOM सूची में नाम नहीं होने के कारण पात्र प्रकरण निरस्त नहीं किए जाएँ। इस संदर्भ में हमारे कार्यालय के पत्र दिनांक 03.12.2025, 07.10.2025 आदि का भी संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

आप सभी से अपेक्षा की जाती है कि इस विषय में आवश्यक निर्देश जारी करते हुए तत्काल अनुपालन सुनिश्चित करें, जिससे योजना का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।

भवदीय,
ह0
(निधि कुमार)
उपमहाप्रबंधक
राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0प्र0)

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित,

1. निदेशक, यूपी नेडा, लखनऊ
2. विभाग प्रमुख तथा वरिष्ठ मुख्य कार्यक्रम प्रबंधक, आर ई सी लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ

निधि कुमार
(निधि कुमार)
उपमहाप्रबंधक
राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उ0प्र0)